प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 98 /2026)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल, जुलाई 2026

वेबसाइट: - www.trai.gov.in तत्काल प्रकाशन हेतु


भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने भोपाल शहर, इंदौर से नीमच राजमार्ग तथा बिलासपुर से अंबिकापुर राजमार्ग में मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया। भोपाल शहर के आकलन में बैरागढ़, लालघाटी, गांधीनगर, करोंद, भानपुर, जे.पी. नगर, काली बस्ती, खुशीपुरा, अशोका गार्डन, गोविंदपुरा, मीनाल रेजीडेंसी, इंद्रपुरी, अयोध्या नगर, पिपलानी, अवधपुरी, साकेत नगर, पिपलिया कुजाड़गढ़, इंद्रा नगर, झलार कलां, मिसरोद, अरेरा कॉलोनी, महाराणा प्रताप नगर, शिवाजी नगर, चार इमली, ललिता नगर, डॉ. अंबेडकर नगर और रातीबड़ के आस-पास के इलाके शामिल थे।


भादूविप्रा ने सामान्य दूरसंचार उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए जून 2026 के महीने के दौरान मध्य प्रदेश एलएसए के अंतर्गत भोपाल शहर, इंदौर से रतलाम एवं मंदसौर होते हुए नीमच राजमार्ग तथा बिलासपुर से अंबिकापुर राजमार्ग में किए गए इंडिपेंडेंट ड्राइव टेस्ट (IDT) के निष्कर्ष जारी किए हैं। ड्राइव टेस्ट का उद्देश्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा प्रदान की जाने वाली मोबाइल नेटवर्क सेवाओं (वॉयस और डेटा दोनों) की वास्तविक समय गुणवत्ता का आकलन और सत्यापन करना है। आईडीटी के दौरान, भादूविप्रा के द्वारा कवरेज, कॉल ड्रॉप रेट (CDR), कॉल सेटअप सक्सेज रेट (CSSR), डाटा डाउनलोड (DL) और अपलोड (UL) थ्रूपुट आदि जैसे प्रमुख सेवा गुणवत्ता (QOS) मानदंडों के लिए टीएसपी के निष्पादन को दर्ज किया जाता है और उन्हे उपभोक्ताओं की जानकारी और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को अपनी सेवाओं में सुधार करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए प्रकाशित किया जाता है।


2. इन आईडीटी को शहरों, हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों आदि जैसे विविध उपयोग वाले वातावरण में सभी टीएसपी के स्थलीय मोबाइल नेटवर्क निष्पादन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस प्रकार के ड्राइव टेस्ट में 2G, 3G, 4G और 5G नेटवर्क पर सभी टीएसपी के सिम कार्ड का उपयोग करके लाइव डेटा और वॉयस सैशन स्थापित किए जाते हैं। कई उन्नत टेस्ट हैंडसेट का उपयोग किया जाता है और उन्नत सॉफ्टवेयर सिस्टम का उपयोग करके रीयल टाइम में सैशन की निगरानी और विश्लेषण किया जाता है।

3. भादूविप्रा ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से **मध्य प्रदेश एलएसए** में 8 जून 2026 से 12 जून 2026 और 16 जून 2026 के दौरान भोपाल शहर तथा इंदौर से नीमच राजमार्ग एवं बिलासपुर से अंबिकापुर राजमार्ग में सिटी ड्राइव- 301.2 किमी, हॉटस्पॉट स्थानों-9, वॉक टेस्ट- 7.9 किलोमीटर तथा राजमार्ग - 506.3 किलोमीटर ड्राइव टेस्ट किए। ये टेस्ट भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल की देखरेख में आयोजित किए गए थे। ड्राइव टेस्ट रिपोर्ट में प्रस्तुत आंकड़े, ड्राइव टेस्ट आयोजित करने के दिन/समय पर टेस्ट के तहत क्षेत्र/रुट पर टीएसपी के निष्पादन को दर्शाते हैं।

4. **ड्राइव टेस्ट रूट मैप:** निम्नलिखित मानचित्र, मानचित्र पर दिखाए गए निष्पादन के अनुसार, सिटी ड्राइव, इंटर-ऑपरेटर कॉलिंग, हॉटस्पॉट और वॉक टेस्ट को इंगित करने वाले ड्राइव टेस्ट मार्गों को प्रदर्शित करता है:




**5. प्रमुख मूल्यांकित मानदंड:**

क) **कवरेज गैप** : नमूनों का प्रतिशत, जिसके लिए सिग्नल की शक्ति संबंधित तकनीक (2G/3G/4G/5G) के लिए न्यूनतम निर्धारित सिग्नल शक्ति से कम देखी गई।

ख) **वॉयस सर्विसेज**: कॉल सैट अप सक्सेज रेट (CSSR), ड्रॉप कॉल रेट (DCR), कॉल सेटअप टाइम

(CST), कॉल साइलेंस रेट (CSR), स्पीच क्वालिटी (MOS)।

ग) **कॉल साईलेंस इंस्टांस**: कॉल के दौरान कितनी कॉल साइलेंस घटनाएं (इंस्टेंस) हुईं।

घ) **डाटा सर्विसेज** : डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्राप रेट ।

**6.** भोपाल शहर, इंदौर से नीमच राजमार्ग तथा बिलासपुर से अंबिकापुर राजमार्ग में प्रमुख मापदंडों पर समग्र मोबाइल नेटवर्क के निष्पादन को संक्षेप में नीचे दर्शाया जा रहा है:

क) **कवरेज गैप-** स्वचालित चयन मोड (5G/4G/3G/2G), में ड्राइव टेस्ट रुट पर वॉयस टेस्ट के दौरान के दौरान देखी गई संकेत शक्ति, जिसे एकत्र किए गए कुल नमूनों में से खराब संकेत शक्ति वाले नमूनों की संख्या के रूप में मापा जाता है। यह भोपाल शहर में **एयरटेल** के लिए **293**/ 55360, **बीएसएनएल** के लिए **1532**/ 54034, **आरजेआईएल** के लिए **131**/ 51838 और **वीआईएल** के लिए **473**/ 55208 तथा इंदौर से नीमच राजमार्ग में **एयरटेल** के लिए **442**/ 23802, **बीएसएनएल** के लिए **7023**/ 22818, **आरजेआईएल** के लिए **822**/ 25022 और **वीआईएल** के लिए **557**/ 23734 तथा बिलासपुर से अंबिकापुर राजमार्ग के लिए **3293**/ 17114, **बीएसएनएल** के लिए **5201**/ 15288, **आरजेआईएल** के लिए **2114**/ 17806 और **वीआईएल** के लिए **4548**/ 14622 थी। कवरेज गैप का विवरण मानचित्र अनुलग्नक में दर्शाया गया है।

ख) **ड्राप्ड कॉल्स** - ड्रॉप कॉल को सफलतापूर्वक स्थापित कॉल की संख्या में से ड्राप कॉल की संख्या के रूप में मापा जाता है । यह भोपाल शहर में **एयरटेल** के लिए **3**/ 494, **बीएसएनएल** के लिए **16**/ 432, **आरजेआईएल** के लिए **1**/ 495 और **वीआईएल** के लिए **1**/ 494 तथा इंदौर से नीमच राजमार्ग में **एयरटेल** के लिए **1**/ 120, **बीएसएनएल** के लिए **14**/ 116, **आरजेआईएल** के लिए **0**/ 125 और **वीआईएल** के लिए **1**/ 118 तथा बिलासपुर से अंबिकापुर राजमार्ग के लिए **4**/ 86, **बीएसएनएल** के लिए **14**/ 71, **आरजेआईएल** के लिए **2**/ 90 और **वीआईएल** के लिए **6**/ 74 थी। ड्रॉप कॉल स्थानों का विवरण **संलग्न मानचित्र** में दर्शाया गया है।

ग) **कॉल साइलेंस घटनाएं (इंस्टेंस)** -कॉल साइलेंस इंस्टेंस, कुल स्थापित कॉल में से 3 सेकंड से अधिक के लिए देखे गए साइलेंस इंस्टेंस की कुल संख्या के रूप में मापा जाता है। यह भोपाल शहर में **एयरटेल** के लिए **4**/ 476, **बीएसएनएल** के लिए **21**/419 , **आरजेआईएल** के लिए **3**/ 478 और **वीआईएल** के लिए **4**/ 481 तथा इंदौर से नीमच राजमार्ग में **एयरटेल** के लिए **0**/ 101, **बीएसएनएल** के लिए **10/** 117, **आरजेआईएल** के लिए **1**/ 101 और **वीआईएल** के लिए **4**/ 101 तथा बिलासपुर से अंबिकापुर राजमार्ग के लिए **7**/ 77, **बीएसएनएल** के लिए **8/** 87, **आरजेआईएल** के लिए **4**/ 78 और **वीआईएल** के लिए **3**/ 63 थे। कॉल साइलेंस इंस्टेंस स्थानों का विवरण **संलग्न मानचित्र** में दर्शाया गया है।

घ) **डाटा डाउनलोड एवं थ्रूपुट** :

i) **डाटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):** भोपाल शहर में **एयरटेल(5G)**, के लिए औसत डाउनलोड स्पीड **44.25** Mbps, **बीएसएनएल(4G)** के लिए **10.68 Mbps**, **आरजेआईएल(5G)**, के लिए **291.53** Mbps और **वीआईएल(4G)** के लिए **63.96** Mbps तथा इंदौर से नीमच राजमार्ग में **एयरटेल(5G)** के लिए औसत डाउनलोड स्पीड **86.90** Mbps, **बीएसएनएल(4G)** के लिए **9.13** Mbps, **आरजेआईएल(5G)**, के लिए **216.50** Mbps और **वीआईएल(4G)** के लिए **21.44** Mbps तथा बिलासपुर से अंबिकापुर राजमार्ग में **एयरटेल(5G)**, के लिए औसत डाउनलोड स्पीड

**40.32** Mbps, **बीएसएनएल(4G)** के लिए **10.76** Mbps, **आरजेआईएल(5G)**, के लिए **150.95** Mbps और **वीआईएल(4G)** के लिए **17.99** दर्ज की गई। डाउनलोड थ्रूपुट का विवरण **संलग्न मानचित्र** में दर्शाया गया है।

ii) **डेटा अपलोड निष्पादन (समग्र):** भोपाल शहर में **एयरटेल(5G)**, के लिए औसत डाउनलोड स्पीड **15.49** Mbps, **बीएसएनएल(4G)** के लिए **7.20** Mbps, **आरजेआईएल(5G)**, के लिए **34.92** Mbps और **वीआईएल(4G)** के लिए **12.50** Mbps तथा इंदौर से नीमच राजमार्ग में **एयरटेल(5G)**, के लिए औसत डाउनलोड स्पीड **20.84** Mbps, **बीएसएनएल(4G)** के लिए **5.80** Mbps, **आरजेआईएल(5G)**, के लिए **19.30** Mbps और **वीआईएल(4G)** के लिए **10.71** Mbps तथा बिलासपुर से अंबिकापुर राजमार्ग में **एयरटेल(5G)**, के लिए औसत डाउनलोड स्पीड **11.53** Mbps, **बीएसएनएल(4G)** के लिए **4.99** Mbps, **आरजेआईएल(5G)**, के लिए **15.93** Mbps और **वीआईएल(4G)** के लिए **12.06** Mbps के रूप में देखी गई। अपलोड थ्रूपुट का विवरण **संलग्न मानचित्र** में दर्शाया गया है।

ड्रॉप किए गए कॉल और कॉल साइलेंस इंस्टेंस के स्थान, संलग्न मानचित्र पर लाल बिंदु पर क्लिक करके देखे जा सकते हैं।

7. आईडीटी के दौरान ड्राइव टेस्ट रुट और कवर किए गए क्षेत्र का विवरण इस प्रकार है: -

क) **शहर**- सिटी ड्राइव के अंतर्गत भोपाल शहर के बैरागढ़, लालघाटी, गांधीनगर, करोंद, भानपुर, जे.पी. नगर, काली बस्ती, खुशीपुरा, अशोका गार्डन, गोविंदपुरा, मीनाल रेजीडेंसी, इंद्रपुरी, अयोध्या नगर, पिपलानी, अवधपुरी, साकेत नगर, पिपलिया कुजाड़गढ़, इंद्रा नगर, झलार कलां, मिसरोद, अरेरा कॉलोनी, महाराणा प्रताप नगर, शिवाजी नगर, चार इमली, ललिता नगर, डॉ. अंबेडकर नगर तथा रातीबड़ आदि शामिल थे।

ख) **हॉट स्पॉट** - स्थिर उपयोगकर्ता अनुभव को कैप्चर करते हुए निम्नांकित हॉट स्पॉट इलाकों को कवर किया गया- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल, न्यू मार्केट, डीबी सिटी मॉल, हमीदिया अस्पताल, आईआईएसईआर भोपाल, मध्य प्रदेश जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान, मंडीदीप बस स्टैंड, एनएलआईयू भोपाल तथा ट्राई क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल आदि।

ग) **वॉक टेस्ट** - 10 एवं 11 जून 2026 को किए गए वॉक टेस्ट में भोपाल हवाई अड्डा, भोपाल रेलवे स्टेशन, चौक बाजार-पीर गेट क्षेत्र तथा आरकेएमपी रेलवे स्टेशन क्षेत्र शामिल थे, जिसमें भीड़-भाड़ वाले पैदल यात्री परिवेश में मोबाइल नेटवर्क व्यवहार को कैप्चर किया गया।

घ) **राजमार्ग** - इंदौर से रतलाम एवं मंदसौर होते हुए नीमच राजमार्ग जिसमें घाटाबिल्लौद, नागदा, बदनावर, धराड़, जावरा, मंदसौर एवं भाटखेड़ा आदि स्थान शामिल थे तथा बिलासपुर से अंबिकापुर राजमार्ग में टेकर, बकसाही, पोटापानी, चैतमा, इराफ, कटघोरा, तनाखार, दादर, बरपाली, लेपरा, बांगो, सरभोका, चोटिया, मोरगा, प्रेमनगर, उदयपुर एवं जजगा आदि शामिल थे।

8. आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को उनके स्तर पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए सूचित किया जा चुका है। ड्राइव टेस्ट की विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। अतिरिक्त जानकारी के लिए क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल से ईमेल adv.bhopal@trai.gov.in या दूरभाषा सं 91-755-2575501 पर संपर्क किया जा सकता है।

(संजय कुमार गुप्ता)
सलाहकार,
क्षे.का.भोपाल


**1. भोपाल:**


**क) कवरेज गैप**– वॉयस टेस्ट के दौरान ऑटो-चयन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रूट के लिए न्यूनतम निर्दिष्ट सिग्नल शक्ति से कम पाया गया कवरेज वितरण नीचे दिया गया है:


| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| ड्राइव टेस्ट रूट पर कैप्चर किए गए नमूनों की कुल संख्या | 55360 | 54034 | 51838 | 55208 |
| खराब सिग्नल क्षमता वाले नमूनों की संख्या | 293 | 1532 | 131 | 473 |
| सीमित सेवा (कवरेज उपलब्ध नहीं) वाले नमूनों की संख्या | 0 | 505 | 0 | 0 |

**नोट:** सिग्नल की क्षमता खराब तब मानी गई है जब वह 5G और 4G के लिए -110 dBm, 3G के लिए -90 dBm और 2G के लिए -85 dBm से नीचे आती है।

**कवरेज गैप अवलोकन**









**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।

**ख) ड्राप्ड कॉल्स** - ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्रॉप हुई कॉलों का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| स्थापित सफल कॉल की संख्या | 494 | 432 | 495 | 494 |
| ड्रॉप हुई कॉल की संख्या | 3 | 16 | 1 | 1 |

**वे स्थान जहॉं पर ड्रॉप कॉल की घटनाएं हुईं**





**नोट:** ड्रॉप किए गए कॉल स्थान लाल रंग में दिखाए जाते हैं जिन पर क्लिक करके मैप पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है।

**ग) कॉल साईलेंस घटनाएं (इंस्टेंस)** - ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G) में कॉल साइलेंस इंस्टेंस का टीएसपी-वार विवरण नीचे दर्शाया गया है:

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| कॉल स्थापित (सेवा प्रदाता नेटवर्क के भीतर) | 476 | 419 | 478 | 481 |
| साईलेंस कॉल की संख्या > 3 सेकंड के लिए | 4 | 21 | 3 | 4 |
| कुल साईलेंस कॉल की संख्या > 3 सेकंड के लिए | 4 | 25 | 3 | 4 |

**कॉल साइलेंस इंस्टेंस के स्थान**





**नोट:** कॉल साइलेंस इंस्टेंस लाल रंग में दिखाए जाते हैं जिन पर क्लिक करके मैप पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है।

घ) **डाटा डाउनलोड एवं थ्रूपुट** : ऑटो-चयन मोड (5G/4G/3G/2G) में महीने के लिए घोषित विशिष्ट डीएल/यूएल थ्रूपुट के मुकाबले औसत डाउनलोड (डीएल) और अपलोड (यूएल) थ्रूपुट का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:

**(i) डाउनलोड थ्रूपुट**


| मानदंड | माप | एयरटेल (5G तक) | बीएसएनएल (4G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (5G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 18.53 | 5.00 | 15.00 | 15.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 44.25 | 10.68 | 291.53 | 63.96 |




**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।

## (ii) अपलोड थ्रूपुट

| मानदंड | माप | एयरटेल (5G तक) | बीएसएनएल (4G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (5G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 2.84 | 3.00 | 7.00 | 8.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 15.49 | 7.20 | 34.92 | 12.50 |




**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।


2. **इंदौर से नीमच तक रतलाम एवं मंदसौर मार्ग होते हुए राजमार्ग**:


**क) कवरेज गैप**– वॉयस टेस्ट के दौरान ऑटो-चयन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रूट के लिए न्यूनतम निर्दिष्ट सिग्नल शक्ति से कम पाया गया कवरेज वितरण नीचे दिया गया है:


| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| ड्राइव टेस्ट रूट पर कैप्चर किए गए नमूनों की कुल संख्या | 23802 | 22818 | 25022 | 23734 |
| खराब सिग्नल क्षमता वाले नमूनों की संख्या | 442 | 7023 | 822 | 557 |
| सीमित सेवा (कवरेज उपलब्ध नहीं) वाले नमूनों की संख्या | 0 | 373 | 0 | 0 |

**नोट:** सिग्नल की क्षमता खराब तब मानी गई है जब वह 5G और 4G के लिए -110 dBm, 3G के लिए -90 dBm और 2G के लिए -85 dBm से नीचे आती है।

**कवरेज गैप अवलोकन**











**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।


**ख) ड्राप्ड कॉल्स** - ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्रॉप हुई कॉलों का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| स्थापित सफल कॉल की संख्या | 120 | 116 | 125 | 118 |
| ड्रॉप हुई कॉल की संख्या | 1 | 14 | 0 | 1 |

**वे स्थान जहॉ पर ड्रॉप कॉल की घटनाएं हुईं**








**नोट:** ड्रॉप किए गए कॉल स्थान लाल रंग में दिखाए जाते हैं जिन पर क्लिक करके मैप पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है।

**ग) कॉल साईलेंस घटनाएं (इंस्टेंस)** - ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G) में कॉल साइलेंस इंस्टेंस का टीएसपी-वार विवरण नीचे दर्शाया गया है:

| **मानदंड** | **एयरटेल** | **बीएसएनएल** | **आरजेआईएल** | **वीआईएल** |
|---|---|---|---|---|
| कॉल स्थापित (सेवा प्रदाता नेटवर्क के भीतर) | 101 | 117 | 101 | 101 |
| साईलेंस कॉल की संख्या > 3 सेकंड के लिए | 0 | 10 | 1 | 4 |
| कुल साईलेंस कॉल की संख्या > 3 सेकंड के लिए | 0 | 11 | 1 | 4 |

**Locations of Call Silence Instance**







**नोट:** कॉल साइलेंस इंस्टेंस लाल रंग में दिखाए जाते हैं जिन पर क्लिक करके मैप पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है।

**घ) डाटा डाउनलोड एवं थ्रूपुट** : ऑटो-चयन मोड (5G/4G/3G/2G) में महीने के लिए घोषित विशिष्ट डीएल/यूएल थ्रूपुट के मुकाबले **औसत डाउनलोड (डीएल)** और **अपलोड (यूएल) थ्रूपुट** का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:

**(i) डाउनलोड थ्रूपुट**


| मानदंड | माप | एयरटेल (5G तक) | बीएसएनएल (4G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (4G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 18.53 | 5.00 | 15.00 | 15.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 86.90 | 9.13 | 216.50 | 21.44 |




**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।

## (i) अपलोड थ्रूपुट

| मानदंड | माप | एयरटेल (5G तक) | बीएसएनएल (4G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (4G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| Typical upload throughput declared by TSP | (Mbits/s) | 2.84 | 3.00 | 7.00 | 8.00 |
| Average Upload Throughput measured during IDT | (Mbits/s) | 20.84 | 5.80 | 19.30 | 10.71 |




**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।


## 3. बिलासपुर से अंबिकापुर तक राजमार्ग:


**क) कवरेज गैप**– वॉयस टेस्ट के दौरान ऑटो-चयन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रूट के लिए न्यूनतम निर्दिष्ट सिग्नल शक्ति से कम पाया गया कवरेज वितरण नीचे दिया गया है:

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| ड्राइव टेस्ट रूट पर कैप्चर किए गए नमूनों की कुल संख्या | 17114 | 15288 | 17806 | 14622 |
| खराब सिग्नल क्षमता वाले नमूनों की संख्या | 3293 | 5201 | 2114 | 4548 |
| सीमित सेवा (कवरेज उपलब्ध नहीं) वाले नमूनों की संख्या | 342 | 1297 | 17 | 903 |

**नोट:** सिग्नल की क्षमता खराब तब मानी गई है जब वह 5G और 4G के लिए -110 dBm, 3G के लिए -90 dBm और 2G के लिए -85 dBm से नीचे आती है।

**कवरेज गैप अवलोकन**








**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।

**ख) ड्राप्ड कॉल्स** - ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्रॉप की गई कॉल का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| स्थापित सफल कॉल की संख्या | 86 | 71 | 90 | 74 |
| ड्रॉप्ड कॉल की संख्या | 4 | 14 | 2 | 6 |

**ड्रॉप कॉल के स्थान**








**नोट:** ड्रॉप्ड काल लोकेशंस लाल रंग में दिखाए जाते हैं जिन पर क्लिक करके मैप पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है.

**ग) कॉल साईलेंस घटनाएं (इंस्टेंस)** - ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G) में कॉल साइलेंस इंस्टेंस का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| कॉल स्थापित (सेवा प्रदाता नेटवर्क के भीतर) | 77 | 87 | 78 | 63 |
| साईलेंस काल की संख्या > 3 सेकंड | 7 | 8 | 4 | 3 |
| कॉल साईलेंस इंस्टांसेज की कुल संख्या >3 सेकंड | 10 | 14 | 7 | 3 |

**कॉल साइलेंस इंस्टेंस के स्थान**











**नोट:** कॉल साइलेंस इंस्टेंस लाल रंग में दिखाए जाते हैं जिन पर क्लिक करके मैप पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है।

**घ) डाटा डाउनलोड एवं थ्रूपुट** : ऑटो-चयन मोड (5G/4G/3G/2G) में महीने के लिए घोषित विशिष्ट डीएल/यूएल थ्रूपुट के मुकाबले औसत डाउनलोड (डीएल) और अपलोड (यूएल) थ्रूपुट का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:

**(i) डाउनलोड थ्रूपुट**


| मानदंड | माप | एयरटेल (5G तक) | बीएसएनएल (4G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (4G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 18.53 | 5.00 | 15.00 | 15.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 40.32 | 10.76 | 150.95 | 17.99 |






**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।


**(ii) अपलोड थ्रूपुट**

| मानदंड | माप | एयरटेल (5G तक) | बीएसएनएल (4G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (4G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 2.84 | 3.00 | 7.00 | 8.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 11.53 | 4.99 | 15.93 | 12.06 |




**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।